प्रीलिम्स फैक्ट्स: 22 मार्च, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-22-03-2019

क्षुद्रग्रह बेन्नू पर जल के प्रमाण

- हाल ही में नासा द्वारा बेन्नू (Bennu) नामक क्षुद्रग्रह पर जलवाहक खनिज तत्त्वों की खोज की गई है।
- नासा के अंतरिक्ष यान Osiris-Rex (Origins, Spectral Interpretation, Resource Identification, Security-Regolith Explorer) द्वारा यह खोज की गई है।
- OSIRIS-REx को 8 सितंबर, 2016 को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया था।
- दो साल की यात्रा के पश्चात् इस अंतरिक्षयान ने बेन्नू क्षुद्रग्रह की परिक्रमा पिछले वर्ष 31 दिसंबर को शुरू की थी और यह 2023 में पृथ्वी पर नमूने भेजेगा।
- बेन्नू क्षुद्रग्रह की खोज लिंकन नियर-अर्थ एस्टेरॉयड रिसर्च (Lincoln Near-Earth Asteroid Research-LINEAR) द्वारा 11 सितंबर, 1999 को की गई थी। इसे मूल रूप से 1999 RQ36 नाम दिया गया था।
- यह सूर्य के चारों ओर अण्डाकार कक्षा में परिक्रमा करने वाला 500 मीटर चौड़ा एक क्षुद्रग्रह है। यह एक कार्बनयुक्त संरचना है जिसमें बड़ी मात्रा में कार्बन शामिल है।

विश्व जल दिवस- 2019

- प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को लोगों के बीच जल का महत्त्व, आवश्यकता और संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये विश्व जल दिवस मनाया जाता है।
- वर्ष 2019 के लिये इसकी थीम 'Leaving no one behind' (लीविंग नो वन बिहाइंड) है।
- यह थीम सतत् विकास लक्ष्य- 6 (Clean Water and Sanitation) को निरूपित करती है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 मार्च, 1993 को पहला विश्व जल दिवस आयोजित किया था।

World Water Day

नवरोज़

- 21 मार्च को पारसियों का प्रमुख त्योहार नवरोज़ मनाया गया।
- नवरोज़ 3,000 साल पुरानी एक पारसी परंपरा है जो पारसी नए साल की शुरुआत का संकेत देता है।
- यह वसंत विषुव के दिन मनाया जाता है और उत्तरी गोलार्द्ध में वसंत की शुरुआत को चिह्नित करता है।
- यह ईरानी कैलेंडर के पहले महीने के पहले दिन मनाया जाता है।
- इस दिन परिवार के लोग इकट्ठा होते हैं और उत्सव मनाते हैं।